(c) the steps taken and being taken in regard thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINITER'S OFFICE (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): (a) to (c) Information is being collected an I Will be laid on the table of the House.

कश्मीर में पुन : बस गए कश्मीरी हिन्दू शरणार्थी

8240. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल** : क्या प्रधान मंत्री 23 मार्च, 1995 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1608 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि उन कश्मीरी हिन्दु शरणार्थियों की संख्या कितनी है जो गत एक वर्ष के दौरान कश्मीर में पुन: बसाये गये हैं ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी)) : हालांकि प्रवासियों की वापसी के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा करने के प्रयास जारी हैं लेकिन पिछले एक वर्ष के दौरान कश्मीर में किसी प्रवासी का पुनर्वास नहीं किया गया है।

वैष्णों देवी की यात्रा करने वाले श्रद्धालु

8241. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान कितने श्रद्धालुओं ने जम्मू और कश्मीर स्थित वैष्णों देवी मंदिर में देवी के दर्शन किए ;

(ख) क्या वैष्णो देवी यात्रा के लिए अथवा देवी के दर्शन के लिए कोई शुल्क लिया जाता है; और

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान न्यास को शुल्क के माध्यम से कितनी धनराशि प्राप्त हुई ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : (क) जम्मू व कश्मीर राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान लगभग 106 लाख तीर्थ-यात्रियों ने माता वैष्णों देवी के पवित्र धर्मस्थल की यात्रा की ।

(ख) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ग) भाग (ख) में उल्लिखित उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

चरार-ए-शरीफ घटना के बाद आतंक-वादियों की गिरफ्तारियां

8242. **सैयद सिब्ते रजी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :
श्री राम जेठमलानी

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जम्मू और कश्मीर में चरार-ए-शरीफ धर्मस्थल को मई, 1995 में जला दिए जाने के बाद आतंकवादियों को पकड़ने और गोला-बारूद जब्त करने हेतु चलाए गए अभियान के दौरान कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और गोला-बारूद जब्त किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) उनमें से कितनी विदेशी राष्ट्रिक थे और वे किस-किस देश से सम्बद्ध थे ; और

(घ) कितने उग्रवादियों को अभी गिरफ्तार किया जाना शेष है और वे किस-किस राज्य से सम्बद्ध हैं ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : (क) और (ख) चरार-ए-शरीफ में 29 उग्रवादी मारे गए थे और एक उग्रवादी गिरफ्तार किया गया था। वहां से 15 ए.के. राफलें

2 यू.एम.जी., एक स्नाइपर राइफल, एक आर.पी.जी., 2 पिस्तौलें और 25 कामचलाऊ विस्फोटक डिवाइस बरामद की गई थीं।

(ग) और (घ) मारे गए उग्रवादियों में से, 5 उग्रवादी भाड़े के विदेशी सैनिक थे और वे पाकिस्तान के थे। गिरफ्तार किया गया उग्रवादी भी एक पाकिस्तानी नागरिक है। मारे गए भाड़े के विदेशी सैनिकों के नाम हैं : अबू फैसल करीम अबू जरार अहमद, अबू बिलाल, हबीबुल्ला उर्फ छोटा शाहबाज और अबू हसन। गिरफ्तार किए गए विदेशी का नाम है--अबू जिन्दाल। सरकार अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है।

Elections in J&K

8243. SYED SIBTEY RAZI: Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to the answers to Unstarred Question 2766 and 4795 given in the Rajya Sabha on the 30th March, 1995 and the 4th May, 1995 respectively and state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the reports that the displaced Government employees of Jammu and Kashmir may boycott the proposed elections in case the orders directing them to join duties in Kashmir are not withdrawn; and

(b) if so. the reaction of Government towards such reports?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): (a) The Government are not aware of any such threat by the displaced State Government employees to boycott elections.

(b) Does not arise.

कश्मीर में आतंकवाद

8244. श्री अनन्तराम जायसवाल :
श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पाकिस्तान के षडयंत्रों तथा जम्मू और कश्मीर की वास्तविक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सशस्त्र सेनाओं को कश्मीर में आतंकवाद को कुचलने के लिए पूरी छूट देने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो कब तक ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) (क) से (ग) जम्मू और कश्मीर राज्य में सेना, उग्रवाद विरोधी अभियानों में सिविल प्रशासन की सहायता कर रही है। सेना सहित विभिन्न सुरक्षा बलों द्वारा अभियानों का समन्वय, जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल के सलाहकार के अंतर्गत एकीकृत मुख्यालय के माध्यम से किया जाता है। सुरक्षा बल सतर्क हैं और राज्य में उग्रवाद को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। उनके ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप राज्य की स्थिति में उल्लेखनीय गुणात्मक सुधार हुआ है।

Foreign nationals in receipt of nationality certificates

8245. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that at least 50,000 foreign nationais in the capital are in possession of nationality certificates issued by Governments of West Bengal, Assam and Tripura;

(b) whether it is also a fact that alongwith these foreign nationals